# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

मंगलवार

09 जनवरी 2023




थाना आने वाले पीढ़ितों से अच्छा व्यवहार करें: एसपी 2



सीसीटीवी में कैद हुई असामाजिक तत्वों की करतूत

## दरभंगा में पुलिस वालों को जिंदा जलाने का प्रयास, बची जान

**केटी न्यूज/पटना**

दरभंगा के मोरो थाने को कुछ असामाजिक तत्वों ने रविवार की रात आग लगा दी। पुलिस वालों को थाने के अंदर ही जलाने की कोशिश की गई है। हालांकि, पुलिसकर्मियों की सजकता के कारण समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। असामाजिक तत्वों की करतूत सीसीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज एक युवक डब्बे से कुछ ज्वलनशील पदार्थ छिड़कता हुआ नजर आ रहा है। इसकी भी जांच की जा रही है क्या छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी सागर कुमार ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। थाना में लगे कैमरे के फुटेज देखे। इसमें एक असामाजिक तत्व की तस्वीर कैद हुई है। उसका सत्यापन कराया जा रहा है। बहुत जल्द मामले का पदार्पाश होगा। इस मामले की पुष्टि करते हुए सिटी एसपी सागर कुमार ने कहा कि घटना से सम्बंधित सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक रात को 12.21 से 12.54 के बीच आग लगाते हुए नजर आ रहा है। उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इस घटना से बचाव के लिए ओडी ड्यूटी और संतरी ड्यूटी वाले की गतिविधि की भी जांच की जा रही है।

## राजद विधायक के विवादित बोल, कहा-अयोध्या में ब्लास्ट करवा देगी बीजेपी

- अतरी से विधायक अजय यादव ने कहा- लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के लिए बीजेपी करवा सकती है
- कहा कि हम लोग जो टैक्स का पैसा जमा करते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह पैसा राम मंदिर में लगवा कर खुद वाहवाही लूट रहे हैं



**केटी न्यूज/पटना**

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री के हाथों प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होना है। इसी के साथ आम राम भक्तों का सदियों पुराना इंतजार समाप्त हो जाएगा। दुनियाभर के रामभक्त इस शुभ घड़ी का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उत्साहित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राम मंदिर को लेकर राजनीति भी जारी है। बिहार में लालू यादव की पार्टी राजद में राम मंदिर पर विवादित बयानबाजी करने की होड़ मची हुई है। इसी कड़ी में अब गया के अतरी से राजद विधायक अजय यादव भी शामिल हो चुके हैं। विधायक अजय यादव ने राम मंदिर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी करने के साथ-साथ अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं में डर का माहौल बनाने की कोशिश की है। अजय यादव का कहना है कि बीजेपी अयोध्या में ब्लास्ट करवा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें डर है कि अयोध्या में जितनी भीड़ बीजेपी जमा कर रही है, अपने ही लोग से ब्लास्ट करवा देंगे और बोलेंगे कि पाकिस्तान वाला आतंकवादी कर दिया है। मुसलमान लोगों की सब देन है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के लिए बीजेपी ऐसा करवा सकती है।

इतना ही नहीं अजय यादव ने इस दौरान पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि हम लोग जो टैक्स का पैसा जमा करते हैं वह पैसा राम मंदिर में लगवा कर खुद वाहवाही लूट रहे हैं। कहते हैं हमने राम मंदिर बनवा दिया तो क्या आपके घर से पैसा आया था? पीएम पर विवादित टिप्पणी करते हुए अजय यादव ने कहा कि जो खुद अपनी पत्नी को छोड़ दिए थे भटकने के लिए और वह नारा लगा रहे हैं राम मंदिर का, प्राण प्रतिष्ठा और उद्घाटन करेंगे।

## बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के फिर बिगड़े बोल, कहा-मंदिर गुलामी का रास्ता



**पटना।** बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने एक बार फिर ऐसा कमेंट किया जिस पर सियासी घमासान तेज होने लगा है। उन्होंने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर पर कमेंट किया है। आरजेडी नेता ने कहा कि मंदिर गुलामी का रास्ता है और शिक्षा प्रकाश का रास्ता। उन्होंने कहा कि आज छद्म हिंदूवाद से सावधान रहने की जरूरत है। जो मंदिर का स्थल निर्धारित किया गया है, वह निश्चित तौर पर शोषण का स्थल बनाया गया है। ये चंद षड्यंत्रकारियों की जेब भरने का जरिया है। प्रोफेसर चंद्रशेखर यहीं नहीं रुके उन्होंने मंदिर को लूटने और लूटाने की जगह बताया है। बिहार के शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर आपको चोट लगेगी तो आप मंदिर जाओगे या अस्पताल। ठीक उसी तरह अगर आपको ज्ञान अर्जित करना है, पढ़ लिखकर बड़ा अधिकारी या होशियार बनना है तो विद्यालय जाना होगा। मंदिर जाने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने डेहरी के आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह के हिंदू देवी-देवताओं को लेकर दिए जा रहे बयान का भी समर्थन किया। मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि विधायक फतेह बहादुर सिंह माता सावित्रीबाई फुले के पंक्तियों को दोहरा रहे हैं। जिसमें सावित्रीबाई फुले ने कहा था कि मंदिर गुलामी का रास्ता है। दरअसल, डेहरी में सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह में शामिल होने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर पहुंचे थे। उनके साथ बिहार सरकार के भूमि सुधार और राजस्व मंत्री आलोक मेहता और अति पिछड़ा कल्याण मंत्री अनीता देवी भी मौजूद थीं।

बिहार सरकार के कैबिनेट की बैठक में 19 एजेंडों पर लगी मुहर

## बड़ा फैसला... आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी

- बिहार में खेल विभाग के गठन को कैबिनेट ने दी मंजूरी
- आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 5950 से बढ़ाकर सात हजार, सहायिका का मानदेय 2975 से बढ़ाकर 4000 करने का निर्णय

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 19 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार में खेल विभाग के गठन को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। 6 जनवरी को ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐलान किया था कि बिहार में अलग से खेल विभाग का गठन किया जाएगा। मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने इसका ऐलान किया था, जिससे खेल के क्षेत्र में बेहतर काम हो सकेगा। पहले कला संस्कृति मंत्रालय के तहत आता था। नया विभाग खेल स्टेडियम का विकास, खेल प्राधिकरण की गतिविधियां, खेल विश्वविद्यालय का संचालन के साथ ही खेल संघों के निबंधन का काम भी करेगा।

वहीं, कैबिनेट की बैठक में पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 5950 से बढ़ा कर सात हजार कर दिया गया है। सहायिका का मानदेय 2975 से बढ़ाकर 4000 करने का निर्णय लिया गया है। नीतीश कैबिनेट ने पंचायती राज संस्थाओं के ग्राम पंचायत व ग्राम कचहरी के छह पदों के प्रतिनिधियों के मानदेय में वृद्धि की है। अब मुखिया, उप मुखिया, पंच-सरपंच का मानदेय दोगुना कर दिया गया है। मुखिया को अब पांच हजार रुपये, जबकि उप मुखिया को ढाई हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा।



### बक्सर समेत 12 जिलों में संयुक्त औषधालय की होगी स्थापना

राज्य के 12 जिलों में जिला संयुक्त औषधालय की स्थापना का भी फैसला लिया गया है। इसमें देशी चिकित्सा पदाधिकारी एवं इससे संबंधित कुल 108 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। जिन जिलों में औषधालय की स्थापना होगी उसमें बक्सर, कैमूर, जहानाबाद, जमुई, शेखपुरा, लखीसराय, सुपौल, किशनगंज, अररिया, बांका अरवल एवं शिवहर शामिल है।

### मुखिया, उप मुखिया, पंच-सरपंच का मानदेय हुआ दोगुना

कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि ग्राम पंचायत के मुखिया को पहले 2 हजार 500 रुपया मानदेय मिलता था, जो अब बढ़ने के बाद 5000 रुपया हो जाएगा। वहीं उप मुखिया को पहले 1200 रुपये मानदेय दिया जाता था जो अब 2500 रुपया हो गया है। वार्ड सदस्य का मानदेय पहले 500 रुपये था जो अब 800 रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। बता दें कि एक दिन पहले ही पंचायत प्रतिनिधियों ने सीएम से मुलाकात की थी और मानदेय बढ़ाने की मांग रखी थी। कैबिनेट सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका पर राज्य सरकार ने उदारता दिखाते हुए दो दिन पहले 18000 निलंबित आंगनबाड़ी सेविकाओं को काम पर वापस रख लिया था तो अब राज्य सरकार ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय भी बढ़ा दिया है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का मानदेय समाज कल्याण विभाग के केंद्रांश और राज्यांश मिलाकर दिए जाते हैं, लेकिन केंद्र का जो 38 प्रतिशत राशि है वही रहेगा केंद्र ने अपना पैसा नहीं बढ़ाया है, लेकिन राज्य सरकार ने अपनी ओर से यह राशि बढ़ाकर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को देने की मंजूरी दे दी है।

### शिक्षण संस्थानों में इंटरनेट की सुविधा की मंजूरी

राज्य के 38 राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं 46 राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य भवनों तथा कैम्पस परिसर में 500 एमबीपीएस और 300 एमबीपीएस की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ नेटवर्किंग एवं वाई-फाई की सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्वीकृति से संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षण की व्यवस्था हो सकेगी।

### होमी भाभा कैंसर अस्पताल को 10 करोड़ रुपये का अनुदान

होमी भाभा कैंसर अस्पताल, दरभंगा के संचालन के लिए बिहार सरकार ने एकमुश्त रुपए 10 करोड़ अनुदान के रूप में उपलब्ध कराने की घोषणा की है। होमी भाभा कैंसर अस्पताल, दरभंगा का संचालन एवं रख रखाव होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, मुजफ्फरपुर द्वारा किया जायेगा। डॉक्टर एवं अन्य मानव संसाधन भी होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, मुजफ्फरपुर के होंगे।

### अयोध्या को स्मार्ट बनाने के लिए आईटीएमएस सक्रिय

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या को संवारने में प्रदेश की योगी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। अध्यात्म से लेकर पौराणिकता और शिक्षा-चिकित्सा से लेकर यातायात तक हर जगह सरकार की नजर है। यहां के लोगों का सफर सुरक्षित व यातायात सुगम हो, इसके लिए आईटीएमएस (इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) प्रॉजेक्ट भी शुरू किया गया। 2017 के बाद से अयोध्या के यातायात पर भी पूरा ध्यान दिया जाने लगा। सरकार ने इस योजना को शुरू कराया था, जो अब तकरीबन पूरा हो चुका है। 20 चौराहों पर यह सिस्टम काम कर रहा है, वहीं दो अन्य चौराहों पर भी जल्द ही यातायात पर आईटीएमएस की नजर रहेगी। इस प्रॉजेक्ट की लागत 47.74 करोड़ रुपये है। अक्टूबर 2021 में इस कार्य को प्रारंभ किया गया था। 17 जनवरी 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसके प्रथम चरण का लोकार्पण किया जा चुका है।

अयोध्या के 20 स्थानों पर आईटीएमएस प्रॉजेक्ट शुरू हो गया है, जबकि न्यू बस अड्डा अयोध्या व एयरपोर्ट रोड पर भी यह काम शुरू करने की योजना है, यातायात को सुगम रखने के लिए यहां एनाउंसमेंट की भी व्यवस्था की गई है। इसके जरिए समय-समय पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। योगी सरकार ने अयोध्या के 14 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए हैं। इसके जरिए यात्रियों को समय-समय पर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी जाती है। सिग्नल के उल्लंघन पर मॉनिटरिंग रूम से चेतावनी दी जाती है। यही नहीं 20 स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए गए हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में यह बॉक्स कंट्रोल रूम को सूचना भेज देगा।

## क्रिकेटर शिवम दुबे बोले- बिहार मेरे लिए लकी साबित हुआ, टी-20 भारतीय टीम में मिली जगह

- पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई टीम से खेलने पहुंचे हैं शिवम दुबे


**केटी न्यूज/पटना**



अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले जाने वाली इस सीरीज में शिवम दुबे को जगह मिली है। शिवम दुबे के लिए बिहार आना लकी साबित हुआ है। दरअसल, शिवम दुबे फिलहाल पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई टीम से खेल रहे हैं। इसी बीच अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए चुना गया है। शिवम दुबे ने कहा कि बिहार मेरे लिए लकी साबित हुआ है। अगर कभी कम बैक करना रहा तो यहीं आकर खेलूंगा। बिहार में खेले गए रणजी के मैच की वजह से मेरी अच्छी प्रैक्टिस हो गई है। सभी प्लेयर्स का ड्रीम होता है कि वह वर्ल्ड कप खेले। मेरे भी दिमाग में है कि मुझे इंडिया के लिए वर्ल्ड कप खेलना है और उसे जीताना है। कहा कि आईपीएल में धोनी की कैप्टंसी में खेलने के बाद मेरा क्रिकेट जमीन से आसमान पर पहुंच गया है।

### ऐसे खुले ग्राउंड कम हैं

बिहार की टीम ने काफी अच्छा खेला, हमने जो प्लानिंग की थी। उसी हिसाब से हमने अपनी बॉलिंग को एग्जीक्यूट किया था। ऐसा कुछ नहीं होता कि कोई टीम कमजोर होती है या कोई टीम बहुत ज्यादा मजबूत होती है, वह भी खेल रहे हैं हम भी खेल रहे हैं। बिहार आकर काफी मजा आया। मैंने सोचा नहीं था कि यहां खेलने में इतना मजा आएगा। मैंने और जगह पर रणजी ट्राफी खेली है पर बिहार के जैसा इतना अच्छा एटमॉस्फेयर और ग्राउंड मुझे कहीं नहीं मिली है। बिहार का मैदान काफी अच्छा है। मुझे लगता है कि ऐसे खुले ग्राउंड काफी कम मिलते हैं। खुले ग्राउंड में टेस्ट क्रिकेट खेलने में काफी मजा आता है। शिवम दुबे स्टार खिलाड़ी हैं वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हैं।



बेगूसराय पहुंचे लोक जनशक्ति पार्टी के सुप्रीमो सांसद चिराग पासवान ने इंडी गठबंधन पर बोला हमला

## स्वार्थ के लिए बना इंडी गठबंधन ज्यादा समय तक नहीं चलेगा

**केटी न्यूज/पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी के सुप्रीमो सांसद चिराग पासवान सोमवार को बेगूसराय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कैसे होगा इंडी गठबंधन में सीट बंटवारा। कई ऐसे राज्य हैं जहां पर यह लोग एक दूसरे के आमने-सामने हैं। ममता बनर्जी इन्हें दो से ज्यादा सीट देने के लिए तैयार नहीं हैं। आम आदमी पार्टी कहती है कि पंजाब में हम लोग सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। चिराग पासवान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनके गठबंधन में सीट को लेकर जो हालात बन रहा है, ऐसे में कांग्रेस को बहुत बड़ा दिल दिखाना होगा। जो इतिहास में नहीं हुआ। इससे पूर्व भी 2014 और 2019 में तमाम घटक दलों ने एक साथ आने का प्रयास किया।

दो-दो बार हम लोग देख चुके हैं कि चुनाव पास आते ही तमाम घटक दल अपनी-अपनी राग अलापने लगते हैं। बिहार में ही देख लीजिए, कहा जा रहा है कि सीट का बंटवारा हो गया है। लेकिन हकीकत है कि जदयू ने दो



सीट पहले ही तय कर ली है। तय कर लिया है कि उनके प्रत्याशी कौन होंगे, मुंगेर जैसे सीटों से पहले से पता है कौन होंगे।

ऐसे में जब महत्वाकांक्षाएं व्यक्तिगत हावी हो तो ऐसे में यह तमाम घटक दल गठबंधन के हित में एक साथ आएंगे। ऐसा हुआ नहीं है और लगता नहीं है कि ऐसा होगा भी। इंडी गठबंधन अभी तक अपना एक नेता तक नहीं चुन पाया है, एक संयोजक नहीं चुन पाया है, नेता नहीं चुन पाया है। आज की तारीख में बैठकर चुनाव की रणनीति तय करनी चाहिए। लेकिन यह लोग संयोजक की बात कर रहे हैं। इन लोगों को कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनाना चाहिए तो यह लोग बैठे हैं कि किसको कितनी सीट दी जानी चाहिए। ऐसे में स्वार्थ के लिए बना हुआ यह गठबंधन बहुत समय तक नहीं चलेगा।

### आस्था के साथ खिलवाड़ करना ही घटक दलों की सोच

शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर सहित राजद के अन्य नेताओं द्वारा राम मंदिर पर सवाल उठाए जाने को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि यही सोच ही गलत है। देश की एक बड़ी आबादी की आस्था के साथ कैसे खिलवाड़ किया जा सके, यही सोच इन घटक दलों की है। इंडी एलाइंस के जितने भी दल हैं, उनकी यही राह है। साउथ के जब इनके घटक दल सनातन को समाप्त करने की बात करते हैं, तो यह लोग खामोश रहते हैं। जब यही के क्षेत्रीय दल रामचरितमानस पर सवाल उठाते हैं, भगवान के अस्तित्व पर सवाल उठते हैं, बार-बार हिंदुओं की आस्था सवाल किया जाता है तो तमाम घटक दल इस पर खामोश रहते हैं। यह कहीं न कहीं उनकी सोच को दशार्ती है। वहीं नीतीश कुमार को एनडीए में फिर से मिलाने के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि वह तीसरी बार भी मिलकर भाग नहीं जाएं इसकी क्या गारंटी है। आगे ऐसा होता है तो उस पर फैसला लिया जाएगा।

### संसदीय बोर्ड तय करेगा कहां से लड़ूंगा चुनाव

चिराग पासवान कहां से चुनाव लड़ेंगे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चिराग जमुई या हाजीपुर से लड़ेंगे यह अंतिम फैसला पार्टी का संसदीय बोर्ड करेगा। संसदीय बोर्ड तय करेगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा। लेकिन यह तय है कि हाजीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा। वह चिराग पासवान हो, मां हो या पार्टी का कोई और कार्यकर्ता हो।

# सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराई कार, इंस्पेक्टर और दारोगा जख्मी

- गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम पड़ाव के समीप की घटना
- कुहासे के कारण हुआ हादसा, इंस्पेक्टर बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर

केटी न्यूज/आरा



आरा-बक्सर हाइवे पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम स्थित पड़ाव के समीप सोमवार सुबह सड़क हादसे में पटना जिले में पोस्टेड कार सवार इंस्पेक्टर और दारोगा जख्मी हो गए। लॉ की ट्रेनिंग करने बक्सर जा रहे कुहासे के कारण कारण दोनों अफसरों की कार सड़क किनारे हाइवा से टकरा गयी। उनमें इंस्पेक्टर की हालत गंभीर हैं, जिन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं दारोगा का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर गांव निवासी इंस्पेक्टर नीरज कुमार और गया के अहल बैरागी डिहरा गांव निवासी दारोगा धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्तमान में पटना के शास्त्रीनगर जबकि दारोगा धर्मेंद्र कुमार पटना के बाढ़ थाने में पदस्थापित हैं। दोनों फिलहाल बक्सर जिले के डुमरांव स्थित बीएमपी में लॉ की क्लास करने आते हैं। दारोगा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि क्लास बंद होने के कारण दोनों रविवार को पटना चले गये थे। सोमवार सुबह दोनों डुमरांव जा रहे थे। उसी दौरान छोटकी सासाराम स्थित पड़ाव के समीप अधिक कुहासा के कारण उनकी कार सड़क किनारे खड़े हाईवा से टकरा गई। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## चोरी के ट्रक की चल रही थी डेंटिंग-पेंटिंग, गैराज संचालक धराया

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित एक गैराज से चोरी का ट्रक बरामद किया गया है। मौके से गैराज संचालक को गिरफ्तार किया गया है। वह गौसगंज निवासी दिनेश शर्मा है। हालांकि उसके पिता दिलीप शर्मा पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। इस पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के ट्रक का रजिस्ट्रेशन और चेसिस नंबर अंकित था। गैराज में ट्रक की डेंटिंग पेंटिंग की जा रही थी।इस मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात नगर थाने की पुलिस को सूचना मिली कि गौसगंज स्थित एक गैराज में संदिग्ध ट्रक का डेंटिग पेंटिंग चल रहा है। उस आधार पर दारोगा मो. अली के नेतृत्व में पुलिस गैराज पहुंची और ट्रक की जांच शुरू की गयी। जांच में पता चला कि ट्रक पर रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है। उस पर हैंडलिंग मशीन के जरिए चेसिस नंबर की जांच की गयी। उसमें पता चला का ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर रायपुर के किसी संजय कुमार तिवारी के नाम पर है। पुलिस द्वारा मोबाइल के जरिए संजय कुमार तिवारी से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि उनका ट्रक छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कोयल अनलोड हो रहा है। उस समय उनके द्वारा अनलोड हो रहे ट्रक को फोटो और वीडियो भी उपलब्ध कराया गया। उसके बाद पुलिस ने गैराज संचालक दिनेश शर्मा को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की।तब उसने बताया कि गैराज के मालिक उसके पिता हैं। वही ट्रक के बारे में बता सकते हैं। उसके बाद पुलिस ने गैराज संचालक को गिरफ्तार करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया।

## एक नजर

### लावारिस हालत में खड़ी स्कॉर्पियो से गोली और देसी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**आरा।** शहर में जैन कॉलेज के गेट के समीप खड़ी स्कॉर्पियो से नवादा थाना पुलिस ने गोली और अवैध देसी शराब बरामद की है। उजले रंग की भोजपुर नंबर की कार से 315 बोर की छह गोलियां और पांच लीटर देशी शराब बरामद की गयी है। हालांकि धंधेबाज पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। इस मामले में सब इंस्पेक्टर शिव शंकर सिंह के बयान पर रजिस्ट्रेशन और चेसिस नंबर के आधार पर स्कॉर्पियो मालिक के खिलाफ आर्म्स और उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि जैन कॉलेज के गेट पर खड़ी स्कॉर्पियो में अवैध शराब और गोलियां रखी गयी है। उस आधार पर दारोगा शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया। तलाशी के दौरान कार की सीट के नीचे से 0.315 बोल की छह गोलियां और 25 पन्नी में बंधी पांच लीटर देसी शराब बरामद की गयी।

### प्रमुख एवं उप प्रमुख के विरुद्ध लगाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**औरंगाबाद।** पंचायत समिति प्रमुख एवं उप प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु सोमवार को अंबा प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में बैठक की गई। विदित हो कि 18 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख के द्वारा शक्ति का दुरुपयोग करने, पंचायत समिति की बैठक सही समय पर नहीं बुलाने, बैठक में बहुमत से पारित योजनाओं के हेरा-फेरी, बैठक में सर्वसम्मती से लिए गए निर्णय को जिला परिषद की बैठक में सही ढंग से नहीं रखने, पंचायत समिति के सभी क्षेत्रों में 15वीं वित्त तथा षष्टम-वित्त आयोग की राशि से कार्य नहीं करने तथा उप प्रमुख के विरुद्ध शक्तियों का खुला दुरुपयोग, पंचायत समिति की बैठक एवं कार्यों में रुचि नहीं लेने, पंचायत समिति सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार न करने का आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जिसके आलोक में 8 जनवरी को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी। परंतु प्रस्तावित बैठक में पंचायत समिति सदस्य अतुल कुमार पांडेय, रंजीत कुमार, अवधेश भुइयां और अजय मेहता उपस्थित हुए जिस कारण प्रमुख एवं प्रमुख के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।

### भूमि अधिग्रहण के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन



**औरंगाबाद।** भारतमाला परियोजना के तहत निमार्णाधीन वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया जिसकी अध्यक्षता कमला प्रसाद सिंह तथा संचालन विकास सिंह ने की। इस दौरान किसानों ने मालिक गैर मजरूआ भूमि का रैयतीकरण व उचित मुआवजा, भूमिहीन हो रहे किसानों के पुनर्वास व रोजगार, विस्थापित हो रहे दलित परिवारों के पुनर्वास व रोजगार, उत्तर कोयल नहर, राइट बटाने नहर, सिंचाई आदि मुद्दों को उठाया। जिला परिषद प्रतिनिधि सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार किसानों के साथ अनदेखी कर रही हैं। कहा कि जब मनमोहन सिंह की सरकार ने 2013 में भूमि अधिग्रहण कानून में सुधार कर दिया था तब केंद्र की सरकार किसानों को कत्ल करने वाली भूमि अधिग्रहण कानून 1956 एक्ट क्यों लगा रही है? दूसरी तरफ भूमि की प्रकृति चयन करने का अधिकार बिहार सरकार का है। ऐसी जमीनें जो बिहार सरकार के कानूनी मानक के अनुसार आवासीय भूमि हैं। उन्हें बिहार सरकार के कर्मचारी भीठ धनहर बना दे रहे हैं। श्री सिंह ने राज्य सरकार से सवाल किया कि जब मुआवजा राशि केंद्र सरकार को देना है। तब राज्य सरकार के पेट में मरोड़ क्यों उठ रही है। इस मौके पर आई महिला किसान सुधा सुमन नें आश्वासन दिया कि किसानों को हर कदम पर महिलाओं का सहयोग मिलेगा। धरना प्रदर्शन में चंद्रमोहन तिवारी, बिजेंद्र मेहता, नरेंद्र राय, रमाकांत पांडेय, योगेंद्र सिंह, लाला सिंह, ललन सिंह, राजकुमार सिंह, गुप्तेश्वर यादव, प्रभात तिवारी समेत कई महिला-पुरुष किसान उपस्थित थे।

### विद्यालय के समीप गंदगी का अंबार

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय के आसपास गंदगी की अंबार लगी है। इससे विद्यालय के समीप का परिवेश काफी दूषित हो गया है। इसके कारण बच्चों की मानसिकता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। वहीं पुराने विद्यालय भवन के अंदर लोगों द्वारा पेशाब घर बना दिए जाने से लगातार बदबू आती रहती है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी शर्मिंदगी व परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यालय के समीप बड़े भूभाग पर कचरा फैला है। जगतपति चौक के समीप नाले से पानी निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं होने से उक्त नाले का पानी विद्यालय प्रवेश के मुख्य मार्ग पर पसरा रहता है, जिससे स्थिति और भी बदतर हो गई है। इस संबंध में समाजसेवी सुरेश प्रसाद यादव, राम अयोध्या पांडेय, अजय आर्य मुनेश्वर सिंह , राहुल यादव, सत्येंद्र पासवान ने प्रखंड प्रशासन से शीघ्र सफाई कराने की मांग की है।

## खबरें फटाफट

### दहेज हत्यारोपी पति दोषी करार, 18 को सुनाई जाएगी सजा

**औरंगाबाद।** दो साल पुराने मामले में दहेज हत्यारोपी पति को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अभियुक्त नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर मुहाल्ला अंतर्गत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप रहने वाले विवेक कुमार है। मामले में सिविल कोर्ट के एडीजे दो धनंजय कुमार मिश्रा ने इस मामले में सुनवाई किया है, जिसमें एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त को दोषी करार दिया है। 18 जनवरी सजा सुनाई जाएगी।

### पुलिस ने आरोपित के घर की कुर्की जब्ती

**औरंगाबाद।** जज की मां से सोने की चेन छिनतई के फरार आरोपित के घर नगर पुलिस ने कुर्की जब्ती की हैं, यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज गांव में की गई। शिवगंज गांव निवासी शक्ति महतो एवं नगर थाना क्षेत्र के दानी बिगहा स्थित गौतम बुद्ध नगर निवासी राकेश गुप्ता ने सिविल कोर्ट के एसीजेएम वन सौरभ सिंह की मां रिता सिंह से सोने की चेन छिनतई की वारदात को अंजाम दिया था और फरार हो गए थे। आदेश के बावजूद आरोपित फरार हैं जिसमें सोमवार को उसके घर की कुर्की जब्ती की गई। इस दौरान घर के जरूरी सामान सहित दरवाजा खिड़की को पुलिस थाना ले गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से ट्रैकमैन जख्मी

**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन के मेन लाइन पर सोमवार के दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक ट्रैकमैन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी ट्रैकमैन शाहपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी छितेश्वर यादव हैं। परिजन उमेश कुमार ने बताया कि आरा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पार कर दो नंबर प्लेटफार्म पर जा रहे थे। उसी दौरान अप ट्रेन की चपेट में आ गए।

## औरंगाबाद एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# थाना आने वाले पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करें, उनकी परेशानियों को गंभीरता से लें

- अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए रात्रि व संध्या गश्ती तेज करें
- लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाएं
- खनन माफियाओं व अवैध खनन के कांडों में फरार की सूची तैयार करें

केटी न्यूज/औरंगाबाद



बेहतर पुलिसिंग से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा। न्याय फाइलों तक ही सिमटा नहीं रहे बल्कि वे पीड़ितों तक भी पहुंचे ताकि आमलोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हो। यह बात एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने योजना भवन के सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक में कहीं। एसपी ने थानाध्यक्षों समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाना पर आने वाले पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करें तथा उनकी परेशानियों को गंभीरता से लेकर उसके तत्क्षण निवारण का प्रयास करें। एसपी ने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु रात्रि तथा संध्या गश्ती को तेज करें। लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाया जाए ताकि दोषियों को जहां जल्द सजा मिल सके वहीं पीड़ितों को न्याय मिले।

एसपी ने विभिन्न अपराध सहित नक्सल गतिविधियों से जुड़ें अपराध कर्मियों पर नकेल कसने के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं गंभीर शीर्ष के कांडो जैसे-हत्या, डकैती, लूट एवं बाइक चोरी एवं गृहभेदन आदि के कांडों की समीक्षा एवं निर्देश दिया तथा उपरोक्त शीर्ष में प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा की गई तथा लंबित अनुसंधान पूर्ण कराते हुए कांडों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी करते हुए कांडो का निष्पादन समयावधि के अंदर करने हेतु आदेशित किया गया। शराब माफियाओं, अवैध शराब आपूर्तिकर्ता, भण्डारकर्ता एवं निमार्णकर्ता विरूद्ध आसूचना का संकलन करते हुए अधिक से अधिक मात्रा में अवैध शराब की बरामदगी गिरफ्तारी एवं विनष्टीकरण तथा राजसात हेतु लंबित प्रस्ताव को स-समय समर्पित करना तथा नक्सल प्रभावित एंव पहाड़ी क्षेत्रों में ड्रोन के मदद से छापामारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु सभी को आदेशित किया गया और खनन माफियाओं तथा अवैध खनन के कांडों में फरार की सूची तैयार कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित कांडों की समीक्षा एवं फरार अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी तथा स-समय अनुसंधान पूर्ण करते हुए कांड निष्पादन करने एवं आरोप पत्र समर्पित करेन हेतु आदेशित किया गया। प्रत्येक दिन कड़ाई से वाहन चेकिंग एवं बैंक चेकिंग पेट्रोल पम्प की चेकिंग आदि को चेकिंग करने हेतु आदेशित किया गया।

### हर शनिवार बैठक कर मामलों का करें निपटारा

पदाधिकारी को प्रतिदिन थाना में जाकर कांडों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह में शनिवार को सीओ के साथ संयुक्त रूप से बैठक कर अधिक से अधिक मामला का निपटारा करें। सभी मामलों का निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। लोक सभा चुनाव 2024 के अवसर पर असामजिक एवं उपद्रवी तत्वों के के विरूद्ध कार्यवाही का निर्देश दिया। यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु आदेशित किया गया। मौके पर सदर एसडीपीओ मोहम्मद अमानुल्लाह खान, दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, प्रशिक्षु एसडीपीओ रेणु कुमारी, पुलिस केन्द्र पुलिस उपाधीक्षक आकाश कुमार यादव, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक नव वैभव सहित अन्य मौजूद रहे।

## जहानाबाद में जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

केटी न्यूज/जहानाबाद



जहानाबाद में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर चली लाठी डंडे जिसमें तीन लोग हुए घायल यह घटना घोसी थाना क्षेत्र हरिदासपुर गांव का है जहां कई महीनो से हंसराज एवं अशोक शर्मा के बीच जमीनी विवाद चल रहा था, इसी को लेकर सोमवार को दोनों के घर के महिलाओं से कहा सुनी होने लगी। होते-होते महिला आपस में उलझ गईं, तभी दोनों पक्षों से पुरुष भी लाठी डंडे चलाने लगे। जिसमें अंजू देवी सौरभ कुमार एवं हंसराज घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए घोषी पीएससी में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। दोनों पक्षों के द्वारा लिखित आवेदन स्थानीय थाने में दिया है थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही हैं घटना का कारण जमीनी विवाद बताया जाता है।

## बरमेश्वर मुखिया हत्याकांडः सीबीआई ने कोर्ट में सौंपी डायरी, एक फरवरी को होनी है सुनवाई

केटी न्यूज/आरा

बहुचर्चित बरमेश्वर मुखिया हत्याकांड में सीबीआई ने सोमवार को कोर्ट में डायरी सौंप दी। उसके लिए सीबीआई के अफसर दोपहर में कोर्ट पहुंचे थे। सीबीआई की ओर से 168 पेज की डायरी सहित करीब पांच सौ पन्ने के दस्तावेज कोर्ट में सौंपे गये। इस मामले में एक फरवरी को सुनवाई होनी है। एपीपी सियाराम सिंह द्वारा डायरी सौंपे जाने की पुष्टि की गयी है। उन्होंने कहा कि डायरी आने से केस की सुनवाई और आगे की कार्रवाई में आसानी होगी।

बता दें कि दस साल की जांच के बाद सीबीआई की ओर से दिसंबर माह में आरा के तृतीय अपर जिला एवं सेशन कोर्ट सह विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में पूरक चार्जशीट दाखिल की गयी थी। तब सीबीआई की ओर से डायरी नहीं सौंपी गयी थी। चार्जशीट में पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय सहित आठ लोगों को आरोपित किया गया है। अन्य आरोपितों में नंद गोपाल पांडेय उर्फ फौजी, अभय पांडेय, रितेश कुमार उर्फ मोनू, प्रिंस पांडेय, अमितेश कुमार पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय, बालेश्वर पांडेय और मनोज राय उर्फ मनोज पांडेय शामिल हैं। सभी पर राजनीतिक षड़यंत्र के तहत बरमेश्वर मुखिया की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। इनमें अभय पांडेय, नंद गोपाल पांडेय उर्फ फौजी, रितेश उर्फ मोनू और प्रिंस पांडेय पहले से इस केस में भोजपुर पुलिस की ओर से चार्जशीटेड थे और जमानत थे। वहीं हुलास पांडेय, मनोज राय उर्फ मनोज पांडेय, बालेश्वर राय, अमितेश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय नये आरोपित हैं। इन चारों को अभी जमानत लेना है। बताते चलें एक जून 2012 की सुबह नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा-स्टेशन रोड में अपने आवास के सामने टहल रहे रणवीर सेना के प्रमुख रहे बरमेश्वर सिंह उर्फ बरमेश्वर मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## नक्शा अनुसार नहीं बनी बिल्डिंग डीएम ने कार्रवाई का दिया आदेश

केटी न्यूज/औरंगाबाद

जिला समन्वय समिति की बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में जिला योजना सभाकक्ष में आहूत की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने जनजीवन हरियाली अंतर्गत विभिन्न कार्य योजना से संबंधित कार्य प्रगति एवं उपलब्धियां की जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने बताया की इस वित्तीय वर्ष में चेक डैम निर्माण में जिला की उपलब्धि सत प्रतिशत है। नए जल स्त्रोतों के सृजन में भी जिला ने सराहनीय कार्य किया है। इस संदर्भ में कृषि विभाग को शेष जल स्त्रोतों का निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कुआं जीर्णोद्धार के कार्य प्रगति असंतोषजनक होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं इसे ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने वर्षा जल संचयन के कार्य में प्रगति लाने हेतु शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निगम, औरंगाबाद को वर्षा जल संचयन से संबंधित जागरूकता प्रचार प्रसार के माध्यम से बढ़ाने को एवं नक्शा के अनुसार बिल्डिंग नहीं बनाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने बताया कि लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तर पर कुल 22, सदर अनुमंडल के स्तर पर कुल 23 एवं दाउदनगर अनुमंडल के स्तर पर कुल 4 परिवाद लंबित है। जिला में सीपीग्राम से संबंधित 45 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 357 आवेदन एवं जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित 376 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया।






# नया भोजपुर में सरकारी जमीन पर बने कब्रिस्तान की कराई गई मापी

♦ लंबे समय से दो पक्षों के बीच चल रहा है विवाद, विवादित जमीन पर यथा स्थिति बनाए रखने का एसडीओ ने दिया निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार को डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज व डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में नया भोजपुर डुमरी रोड स्थित विवादित कब्रिस्तान के सरकारी भूमि की मॉपी करवाई गई। मॉपी कराने के बाद प्रशासनिक टीम ने उक्त भूखंड का डिमार्केशन भी किया। वही जिस निजी कब्रिस्तान तथा रैयती जमीन के विवाद में एसडीओ ने यथा स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया तथा नया भोजपुर ओपी प्रभारी से उक्त भूखंड में किसी तरह का निर्माण या अन्य कार्य करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने को कहा। बता दें कि नया भोजपुर के डुमरी रोड स्थित कब्रिस्तान पर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस मामले में गांव के ही प्रदीप वर्मा समेत तीन लोग इसे अपनी रैयती जमीन बता रहे है जबकि दूसरा पक्ष इसे कब्रिस्तान की जमीन बताता है। वही इस भूखंड से सटे दक्षिण आनाबाद सर्वसाधारण किस्म कब्रिस्तान भी है। प्रशासन द्वारा सिर्फ सरकारी जमीन वाले कब्रिस्तान की मॉपी करवा ही उसका सीमांकन कराया गया। मॉपी सीओ अंकिता सिंह के देखरेख में अंचल अमीन द्वारा किया गया। इस दौरान दोनों पक्ष के लोग मौजूद थे। वही विवादित जमीन पर कोर्ट में नंबरी मुकदमा चल रहा है। जिस कारण एसडीओ ने उक्त जमीन पर यथा स्थिति बनाने का निर्देश दिया है। इस दौरान कई थानों की पुलिस मौजूद रही।



**शव दफनाने को लेकर हो चुका है विवाद:** बता दें कि करीब तीन महीना पहले इस कब्रिस्तान में शव दफनाने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हुआ था। विवाद सुन अनुमंडल प्रशासन ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को शांत कराया था। इस मामले में जहां एक पक्ष इसे कब्रिस्तान की जमीन बता रहा था तो दूसरे पक्ष के तीन ग्रामीण उक्त जमीन को रैयती बता उसके कबाले का कागज भी प्रशासन को दिखाए थे। इसके अलावे भी कई बार इस कब्रिस्तान में शव दफनाने को लेकर विवाद हो चुका है। इसी को देखते हुए तथा विवाद के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में सरकारी जमीन की मॉपी करवा, सीमांकन कराया।

### क्या कहते हैं एसडीओ

नया भोजपुर में सरकारी जमीन का मॉपी करवाया गया। मॉपी सीओ अंकिता सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ। दोनों पक्षों को शांति कायम रखने तथा विवादित भूखंड पर कोर्ट का फैसला आने तक यथा स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

**– कुमार पंकज, एसडीओ, डुमरांव**

## एक नजर

### आठ सूत्री मांगों को लेकर डीलरों ने प्रखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**डुमरांव।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले डुमरांव अनुमंडल के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मांग पत्र सौंपा। पीडीएस दुकानदार पिछले एक जनवरी से ही हड़ताल पर डटे है। दुकानदारों के हड़ताल पर चले जाने से राशन वितरण का काम पूरी तरह ठप हो गया है। हड़ताली दुकानदारों ने बताया कि सरकार डीलरों की मांगों को अनसुना कर रही है। अगर मांगों पर सरकार अमल नही करती है तो एसोसिएशन अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखेगा। डीलरों का कहना है कि सरकार राशन बांटने को लेकर 90 पैसा कमीशन देती है, जिसमें दुकान और लाइट वगैरह का खर्च देने के बाद कुछ बचत नही होता है। ऐसी स्थिति में डीलर भुखमरी के कगार पर पहुंच गये है। इससे निजात पाने के लिए डीलरों ने पटना में भी धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों से सरकार को अवगत कराया था लेकिन एक सप्ताह गुजरने के बाद भी सरकारी तंत्र चुप्पी साधे है। कम कमीशन के बदौलत परिवार का परवरिश भी मुश्किल बन गया है। मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष भूटेश्वर सिंह, धीरेंद्र तिवारी सिमरी, लाल साहब सिंह डुमरांव, शिवचंद्र सिंह नावानगर, बैजनाथ सिंह, बिंदेश्वरी सिंह केसठ, कमल सिंह चौंगाई, विनोद पांडेय ब्रह्मपुर, हीरालाल वर्मा, रमेश यादव, चेतेश्वर गोंड सहित अन्य शामिल थे।

### अब अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय के छात्रों को दीदी की रसोई में मिलेगा पौष्टिक भोजन



**बक्सर।** बक्सर के अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ अब ताजा व पौष्टिक भोजन भी मिलेगा। इस आवासीय विद्यालय में नौ जनवरी से जीविका के माध्यम से दीदी की रसोई शुरू होने जा रही है। जिसमें छात्रों को पौष्टिक भोजन कराया जाएगा। रविवार की शाम डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने इस आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवासीय विद्यालय में जीविका के माध्यम से दीदी की रसोई की शुरूआत करने के आलोक में तैयारियों का जायजा लिया और छात्रावास प्रबंधक को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उप विकास आयुक्त ने विद्यालय के बच्चों से भी बातचीत की तथा उनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित भी किया। सभी शिक्षकों को भी अपने कार्य के प्रति सजग और बच्चों के जीवन निर्माण में नैतिक शिक्षा के महत्व को शामिल करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि शिक्षकों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा यहां पढ़ने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने विभिन्न पंजियों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, छात्रावास प्रबंधक सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, जीविका के डीपीएम, नॉन फार्म मैनेजर एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# कटिहार में पांच लोगों की हत्या का आरोपी बक्सर से गिरफ्तार

♦ कटिहार पुलिस ने रखा था 50 हजार का इनाम

♦ गिरफ्तार अवधेश कटिहार के बरारी थाना क्षेत्र के दियारा क्षेत्र का रहने वाला है

**केटी न्यूज/बक्सर**

कटिहार का पचास हजार का इनामी अपराधी तथा पांच लोगों की गोली मार हत्या करने वाला कुख्यात अवधेश यादव को बक्सर से गिरफ्तार किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के लिए कटिहार पुलिस रविवार को आई थी तथा बक्सर पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। कटिहार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधी अवधेश कटिहार के बरारी थाना क्षेत्र के दियारा इलाके का रहने वाला है। उसने अपने साथी कुख्यात मोहन ठाकुर के साथ मोहनापुर चांदपुर में 2 दिसंबर 2022 को पांच लोगों की हत्या कर दिया था। इस मामले में ही उसकी तलाश की जा रही थी तथा उसपर पुलिस ने 50 हजार रूपए का इनाम रखा था। वही बताया जाता है कि वह लंबे समय से बक्सर में छिपकर रहता था। तकनीकी साधनों से जब कटिहार पुलिस को जब उसके बक्सर में होने की जानकारी मिली तो रविवार को ही एक टीम वहां से आई तथा बक्सर पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर कटिहार ले गई।

## केसठ प्रमुख व उप प्रमुख के भाग्य का फैसला आज

**केसठ।** प्रखंड परिसर स्थित मनरेगा भवन के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन कराया जाएगा। विदित हो कि प्रखंड के कुल पांच पंचायत समिति सदस्य है। जिनमें तीन-तीन ने प्रमुख व उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जिस पर मंगलवार को मतविभाजन कराया जाएगा। मत विभाजन बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा के नेतृत्व में कराया जाएगा।

## केसठ बाजार में वितरित हुआ अयोध्या का पूजित अक्षत

**केसठ।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत वितरण एवं श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के लिए आगामी 22 जनवरी को निमंत्रण देने का कार्य प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जोर जोर से चल रहा है। वही केसठ बाजार में घर घर जाकर सोमवार को पूजित अक्षत का वितरण एवं निमंत्रण दिया गया। इसका नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना यादव ने किया। इस दौरान ढ़ाई सौ से अधिक घरों में पूजित अक्षत का वितरण किया गया।

## बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतु पर उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ा

# डाक पार्सल लिखे वाहन से 50 लाख की शराब जब्त, दो धराए

♦ चंडीगढ़ से पटना ले जाई जा रही थी शराब की खेप

♦ तस्करों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क को खंगाल रही पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतु पर सोमवार की सुबह उत्पाद विभाग की टीम ने शराब से लदी एक कंटेनर जब्त की है। उक्त कंटेनर के पीछे डाक पार्सल लिख तस्करों ने पुलिस का ध्यान भटकाने का प्रयास किया था। लेकिन मुश्तैद उत्पाद विभाग के आगे तस्करों की एक न चली। कंटेनर में 400 कॉर्टन से अधिक शराब बरामद हुआ है। वही दो तस्करों को भी पकड़ा गया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर उनके नेटवर्क को खंगाल रही है। जब्त किए गए शराब की कीमत 50 लाख रूपए आंकी जा रही है।

यह वर्ष 2024 में शराब की पहली बड़ी खेप पकड़ी गई है। इसके पहले वर्ष 2023 के नवंबर व दिसंबर में बक्सर के इस पुल पर शराब की चार बड़ी खेपे पकड़ी गई थी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 8.30 बजे वीर कुंवर सिंह सेतु पर उत्पाद विभाग की टीम चेकिंग अभियान चला रही थी तथा यूपी की तरफ से आने वाले वाहनों की जांच पड़ताल कर रही थी। इसी दौरान डाक पार्सल लिखा एक कंटेनर आता दिखाई दिया। उत्पाद विभाग की टीम ने जब उसे रोक पूछताछ की तथा कंटेनर खोलने को कहा तो चालक डाक विभाग का ट्रक होने का रौब गांठने लगा। इसी दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने उक्त वाहन को स्कैनर के सहारे स्कैन किया तो उसके अंदर शराब की पेटियां दिखाई दी। जिसके बाद टीम ने ट्रक चला रहे हरियाणा के मंदीप कुमार तथा सह चालक बिहार के सहरसा जिले के कृष्ण यादव को गिरफ्तार कर उनसे जबरन कंटेनर खुलवाया। कंटेनर खुलते ही उसमें शराब की पेटिया नजर आने लगी, जो पंजाब निर्मित थी। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि यह खेप पंजाब के चंडीगढ़ से लेकर पटना जा रहे थे। हालांकि अभी तक शराब की इतने बड़े खेप को मंगवाने वाले तस्कर की पहचान नहीं हो सकी है। बता दें कि इसके पहले भी पिछले साल के अंत में बक्सर तथा ब्रह्मपुर में शराब लदे करीब आधा दर्जन ट्रक पकड़ी गई थी। लेकिन किसी भी मामले में पुलिस ने मुख्य तस्कर को पकड़ने की बात तो दूर उनकी शिनाख्त तक नहीं कर पाई। वही एक बार फिर से तस्करों के पकड़े जाने के बाद देखना है कि पुलिस मुख्य तस्करों तक पहुंचती है कि नहीं।




**क्या कहते है उत्पाद अधीक्षक:** बक्सर के गंगा सेतु पर चेकिंग अभियान के दौरान शराब से लदी एक कंटेनर पकड़ी गई है। जिसके पीछे डाक पार्सल लिखा था। कंटेनर से करीब 50 लाख रूपए की शराब बरामद हुई है। चालक व खलासी को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जा रहा है। जल्दी ही मुख्य तस्कर का पता लगा लिया जाएगा।

# औंधे मुंह गिरा प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव

**केटी न्यूज/नावानगर**

प्रखंड प्रमुख अंकित कुमार पर पंसस द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव औंधे मुंह गिर गया। इस तरह अविश्वास प्रस्ताव को बीडीओ द्वारा खारिज कर दिया गया। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई विशेष बैठक में पंचायत समिति सदस्यों के अनुपस्थित रहने से यह अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया। विशेष बैठक की अध्यक्षता प्रखंड उप प्रमुख संतोष कुमार दूबे ने करते हुए बैठक के निर्धारित समय 11 बजे से 2 बजे तक सदस्यों का इंतजार किया। लेकिन सभी पंचायत समिति सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे। जिसके बाद पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ मनोज कुमार ने सदस्यों को अनुपस्थित रहने के कारण प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज होने की घोषणा कर दी। बता दें कि प्रखंड के 16 पंचायत के बीच 22 पंसस में से आठ ने हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव बीडीओ को सौपा था। जिसको लेकर बीडीओ ने सभी पंसस की विशेष बैठक सोमवार को बुलाया था। पर विशेष बैठक में उप प्रमुख को छोड़ सभी पंसस अनुपस्थित रहे। इस तरह अविश्वास प्रस्ताव औंधे मुंह गिर गया। हालांकि पंचायत समिति सदस्यों के अनुपस्थित रहने से कई सवाल खड़े हो रहे है। वही प्रमुख अंकित सिंह ने कहा कि कुछ विरोधी हमेशा उनके खिलाफ साजिश करते है। लेकिन पंसस का समर्थन उन्हें प्राप्त है। उन्होंने कहा कि वे प्रखंड क्षेत्र का विकास बिना किसी भेदभाव के करते है। जिस कारण कुछ लोगों को हमेशा जलन रहती है।



# चयन मुक्ति का आदेश वापस होने पर सेविका सहायिकाओं ने मनाया जश्न

**केटी न्यूज/बक्सर**

अनिश्चितकाली हड़ताल के दौरान चयनमुक्त की गई आंगनबाड़ी सेविकाओं के चयनमुक्ति का आदेश वापस होने के बाद सोमवार को सेविकाओं ने जश्न मनाया। दुर्गा मंदिर के पास एकजुट हुई आंगनबाड़ी सेविकाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा तथा मिठाई खिला इसकी खुशी मनाई तथा राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। बता दें कि 71 दिनों तक चले हड़ताल के दौरान जिले के 142 सेविका एवं सहायिकाओं को चयन मुक्त किया गया था। चयन मुक्ति के आदेश को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सम्मानजनक मानदेय के साथ वापस ले लिया है। जिसको लेकर सदर प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने प्रखंड मुख्यालय स्थित मां दुर्गा के मंदिर परिसर में जमकर अबीर गुलाल उड़ा खुशी का इजहार किया। गौरतलब है अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान राज्यभर में कुल 18 हजार 220 आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को चयनमुक्त किया गया था। जिसमें जिला से 142 सेविका व सहायिका भी शामिल थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के सदर प्रखंड अध्यक्ष पूनम चौबे ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हम सभी बहनों को नववर्ष का तोहफा दिए हैं। जिसके लिए उन्हें सभी बहनो की तरफ से कोटि कोटि बधाई।




## शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक के निर्देश पर एक दिसंबर 2023 से शुरू हुआ है अभियान

# कमजोर छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है मिशन दक्ष

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**

पांचवी कक्षा में पढ़ने वाली आरती को एक से 100 तक के अंकों की पहचान नहीं थी, जबकि वर्ग छह का छात्र मनोज हिंदी की किताबें पढ़ने में हिचकता था। लेकिन अब आरती आसानी से बड़े बड़े जोड़, घटाव, गुणा तथा भागा बना ले रही है जबकि मनोज भी फरार्टे से हिंदी और अंग्रेजी की किताबें पढ़ने लगा है। आरती तथा मनोज जैसे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले औसत दर्जे या उससे नीचे के बच्चों में यह बदलाव पिछले एक महीने से आने लगा है। अब वे पहले की तरह कमजोर नहीं गिने जाते है। बच्चों में आ रहे इस बदलाव से उनके अभिभावक भी खुश नजर आ रहे है। इस बदलाव से सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का नजरियां भी बदलने लगा है। हम बात कर रहे है मिशन दक्ष की। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक इन दिनों गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतारने की कवायद में जुटे है। इसी कड़ी में उन्होंने कमजोर छात्रों को भाषा व गणित में दक्ष बनाने के लिए एक दिसंबर 2023 से मिशन दक्ष शुरू कराया है। एक महीने में ही इसके सार्थक परिणाम भी आने लगे है। अब सरकारी स्कूलों में सवा चार बजे तक बच्चें तथा शिक्षक पढ़ते पढ़ाते मिल रहे है।




**क्या है मिशन दक्ष:** इसके तहत वर्ग एक से आठ के कमजोर छात्रों को स्कूल टाइमिंग के बाद शाम 3.30 बजे से सवा चार बजे तक भाषा व गणित की विशेष शिक्षा दी जा रही है। प्राइमरी, मध्य तथा उच्च विद्यालयों के प्रत्येक शिक्षक को ऐसे पांच-पांच बच्चों को गोद ले उन्हें हिंदी, अंग्रेजी तथा गणित में दक्ष बनाने की जिम्मेवारी मिली है। जिले के सभी 11 प्रखंडों में पिछले वर्ष के एक दिसंबर से ही यह अभियान शुरू हो गया है। स्कूल में पढ़ाई बंद होने के बाद ऐसे चिन्हित छात्र अपने-अपने निर्धारित शिक्षकों के साथ बैठ अपनी कमजोरी को दूर कर रहे है।

**ट्यूशन जैसे माहौल में हो रही है कमजोर छात्रों की पढ़ाई:** कमजोर छात्रों के पढ़ाने के लिए विभाग ने जो विधि अपनाई है उससे उन्हें ट्यूशन जैसा माहौल मिल रहा है। वही सिर्फ पांच छात्र होने से शिक्षक भी एक साथ सभी पर समान नजर बना पा रहे हैं। जिससे छात्रों को पूरा लाभ मिल रहा है। आने वाले समय में मिशन दक्ष कमजोर छात्रों के लिए वरदान सरीखा साबित होगा।

### कमजोर छात्रों को मुख्यधारा में जोड़ने में सहायक है अभियान

मिशन दक्ष से जुड़े शिक्षकों ने इस संबंध में बताया कि यह अभियान कमजोर छात्रों को मुख्य धारा में जोड़ने में सहायक है। खासकर भाषा व गणित जैसे कठिन विषयों की समझ उन्हें अब आने लगी है। राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक मनीष कुमार शशि ने बताया कि कमजोर छात्रों को भाषा व गणित में दक्ष बनाने की जिम्मेवारी मिली है। जिसका बखूबी निवर्हन कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस अभियान से छात्रों की मेधा निखर रही है। वही अनीता यादव, सारिका चौधरी, प्रमोद चौबे, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, धनंजय मिश्र, ब्रजेश राय, सोनू वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, विकास कुमार, विशाल इत्यादि शिक्षकों ने भी बताया कि यह अभियान कमजोर छात्रों के लिए बहुत लाभदायक साबित हो रहा है।




# मध्यकालीन भारत में तुगलक वंश की राजधानी रहा है गाजीपुर

- पृथ्वीराज चौहान के वंशजों का गढ़ था यह जनपद
- अफीम व्यापार का केंद्र और बड़े पैमाने पर यहां होती थी खेती

**अखिलानंद तिवारी/ गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश का अंतिम एवं बिहार से सटा गाजीपुर जनपद गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रही है। लहुरीकाशी के नाम से प्रसिद्ध जनपद अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को आज भी समेटे हुए है। यहां मध्यकालीन भारत में तुगलक वंशजों की राजधानी रही है। गाजीपुर को लहुरी काशी भी कहा जाता है। जनपद कभी अफीम व्यापार का केंद्र रहा। यहां से ट्रेन द्वारा देश के कोने - कोने में अफीम का व्यापार होता था। इतना ही नहीं विदेश में भी गाजीपुर की अफीम भेजी जाती थी। बता दें इस जिले के बहुत से युवा भारतीय सेना से जुड़े हुए हैं। इसलिए गाजीपुर जिले को वीरों की धरती भी कहा जाता है। मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद यहीं के रहने वाले थे। एशिया का सबसे बड़ा गांव गहमर इसी जिले का



हिस्सा है। जहां आज भी लगभग सभी घरों के न्यूनतम एक लोग सेना में तैनात है। जनपद के उत्तर में मऊ जिला, पूर्व में बिहार राज्य का बक्सर जिला, दक्षिण में चंदौली जिला और पश्चिम में जौनपुर जिला स्थित है। देखा जाए तो जिले का क्षेत्रफल लगभग 3377 वर्ग किलोमीटर है। गाजीपुर को राजर्षि विश्वामित्र के पिता राजा गाधी ने बसाया था।

इसका प्राचीन नाम गाधिपुर था। कुछ समय बाद मुस्लिम शासक मसूद गाजी ने इसका नाम बदलकर गाजीपुर कर दिया। आज के समय में गाजीपुर को केवल एक जिले के रूप में जानते हैं। लेकिन वैदिक काल से ही इसका अपना महत्व है। गाजीपुर के करंडा क्षेत्र में कर्ण ऋषि के आश्रम में बालक भरत का बचपन बिता है। यहीं वह शेरों के साथ खेला करते थे। भरत का ननिहाल गाधीपुर रहा है जिसे अब गाजीपुर के नाम से जाना जाता है।

### पृथ्वीराज चौहान के वंशज का गढ़ रहा गाजीपुर

जिले की स्थापना तुगलक वंश में सैय्यद मसूद गाजी द्वारा की गयी थी। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार गाजीपुर पृथ्वीराज चौहान के वंशज राजा मान्धाता का गढ़ था। दिल्ली सुल्तान की अधीनता को अस्वीकार कर राजा मांधाता ने गाजीपुर पर स्वतंत्र रूप से शासन किया था। दिल्ली के सुल्तान को जब इस बात की सूचना मिली तो उन्होनें अपनी सेना के साथ राजा मांधाता के गढ़ पर हमला कर दिया। इस युद्ध में राजा मांधाता की पराजय हुई। जिसके बाद मृत राजा की संपत्ति का उत्तराधिकारी सैयद मसूद अल हुसैनी को बना दिया गया। वैदिक काल में गाजीपुर घने वनों से ढका हुआ था तथा उस समय यहां कई संतों के आश्रम थे। ऐसा कहा जाता है कि महर्षि परशुराम के पिता जमदग्नि भी यहीं के रहने वाले थे। प्रसिद्ध गौतम महर्षि तथा च्यवन ने यहीं शिक्षा प्राप्त की। भगवान बुद्ध ने अपना पहला प्रवचन सारनाथ में दिया था जोकि यहाँ से अधिक दूर नहीं है। गाजीपुर सल्तनत काल से मुगल काल तक एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र था। यह जिला ब्रिटिश भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड कॉर्नवालिस की कब्र के लिए जाना जाता है।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**गाजीपुर।** रामपुर माझा थाना क्षेत्र के शेखपुर पंचायत भवन के पास शनिवार को देर रात सड़क दुर्घटना में शेखपुर गांव निवासी संजय कुमार राम (30) का इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि दोनों युवक मोटर साइकिल से शनिवार की देर रात कहीं जा रहे थे। सड़क के किनारे खड़े ट्रैक्टर में पीछे से टकरा गए जिससे बाइक सवारे संजय कुमार व अशोक कुमार राम बुरी तरह घायल हो गए। मृतक का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। उसके पास मात्र तीन माह की बच्ची है।

### अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** 950 ग्राम अवैध गांजा व मोटर साइकिल के साथ फेफना चौराहा के पास से गिरफ्तार आरोपी को फेफना थाने की पुलिस ने सोमवार की दोपहर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि फेफना थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को फेफना चौराहा के पास से गिरफ्तार किया था। युवक के पास से 950 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था तथा जिस मोटर साइकिल पर युवक सवार था, उस मोटर साइकिल को भी पुलिस ने कब्जे में लेते हुए सीज कर दिया। आरोपी युवक का नाम नीरज गुप्ता पुत्र स्वर्गीय हीरालाल निवासी ग्राम साहपुर बभनौली थाना नरहीं का रहने वाला है।

### हाफिज कप क्रिकेट कप का हुआ समापन

**गाजीपुर।** हाफिज कप 16वें संस्करण (बाबा मखदुमशाह क्रिकेट प्रतियोगिता) का फाइनल मुकाबला गहनी बनाम कमाल भीमापार के बीच संपन्न हुआ। शानदार प्रदर्शन की बदौलत भीमापार ने दस ओवर के खेल में 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक गेंद शेष रहते खिताब पर कब्जा जमाया। नीरज पल्हना मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। इस टूर्नामेंट के समापनकर्ता अल्हाज अब्दुल माजिद साहब (अध्यक्षः हाफिज फाउंडेशन, बहरियाबाद) नितेश सिंह भोनु (युवा नेता– समाजवादी पार्टी, विधानसभा क्षेत्र सैदपुर 374), एबी. आमिर (सेक्रेटरी– हाफिज फाउण्डेशन बहरियाबाद), डॉ. सलमान (डॉयरेक्टर– अटल हॉस्पिटल बहरियाबाद) रहें। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मखदुमपुर मुजीब अहमद ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

**चंदौली।** नगर पंचायत के पुराने बाजार के पानी टंकी स्थित कान्हा गौशाला का सोमवार को सदर तहसीलदार ने चक निरीक्षण किया। इस दौरान पशुओं को संतुलित आहार और ठंड के मौसम में उनकी देखभाल करने निर्देश दिया। साथ ही कर्मियों मिलने पर चेतावनी दी अगली बार सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। इस दौरान उन्होंने गौशाला में पशुओं की संख्या के बारे में जानकारी ली। जहां पर 100 पशुओं के देखभाल करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश किया।

# पत्नी ने छोड़ा तो पति ने बेटे के साथ दे दी जान

**केटी न्यूज/ चंदौली**

कोतवाली क्षेत्र के बिशुनपुर गांव में निवासी युवक अपने चार वर्षीय बेटे के साथ सोमवार की दोपहर गांव के बाहर कुएं में कूद गया। इससे गांव में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पिता का शव बरामद कर लिया। गोताखोरों की मदद से पानी में डूबे बालक का पता लगाया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिशुनपुर गांव निवासी आशुतोष सिंह (35 वर्ष) की पत्नी दो साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही दात्पत्य जीवन ठीक नहीं चल रहा था। दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ था। परिवार के लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया था। परंतु दोनों बीच कभी-कभार मामला ठीक होता था। इसी बीच उसकी पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया। सभी का लगा था दोनों के बीच रिश्ता ठीक हो जाएगा। परंतु विवाद नहीं सुलझा। इसी बीच पारिवारिक विवाद के



चलते उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। वह अपनी मां व चार साल के पुत्र प्रवल सिंह के साथ घर में रहता था। पत्नी के छोड़कर जाने के कारण अक्सर वह परेशान रहता था। हालांकि कई बार पत्नी को बुलाने का प्रयास किया था। इसी बीच सोमवार की दोपहर अचानक पुत्र को लेकर कुएं पर पहुंचा और छलांग लगा दी। लोगों ने देखा तो हो-हल्ला मचाया। कुएं के पास ग्रामीण इकट्ठा हो गए। लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आशुतोष का शव बरामद कर लिया। वहीं बालक का पता लगाने के लिए गोताखोरों की टीम बुलाई गई है। पुलिस के अनुसार पत्नी के छोड़कर जाने के बाद से आशुतोष मानसिक तौर पर काफी परेशान था। इनदिनों नशे का आदी हो गया था। आशुतोष के पिता सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। मां को पेंशन मिलती थी। उससे ही घर- परिवार चल रहा था।

# जिले में गरूण वाहिनी का होगा गठन, बदमाशों पर आएगी शामत

**केटी न्यूज/ बलिया**

आम जनता और व्यापारियों में सुरक्षा का भरोसा जताने के लिए जिले में गरुण वाहिनी का गठन किया जाएगा। तीन शिफ्ट में गरुण वाहिनी ड्यूटी करेंगे। नवागत एसपी देवरंजन वर्मा केशव टाइम्स के प्रतिनिधि से बातचीत के दौरान कुछ नया क्या करेंगे के सवाल पर बताया कि जो काम मेरे द्वारा प्रतापगढ़ में पोस्टिंग के दौरान की गई थी, वही काम अब बलिया जनपद में किया जाएगा।

एसपी ने बताया कि गरूण वाहिनी का गठन कर सुरक्षा व्यवस्था को और भी ज्यादा मजबूत की जाएगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि करीब ढाई साल पहले एसपी देवरंजन वर्मा प्रतापगढ़ में गरुण वाहिनी दस्ते का गठन किया था। लेकिन अब वही प्रयोग एसपी देवरंजन वर्मा बलिया में करने जा रहे हैं। इस दस्ते में तीन बाइक पर एक दारोगा और पांच सिपाही रखे जाएंगे। जो एक साथ थोड़ी-थोड़ी दूर के अंतराल पर चलेंगे। बताया कि इस दस्ते में शामिल पुलिस कर्मी एके-47/ इंसास/ पिस्टल, टार्च से लैश रहेंगे। यह दस्ता क्षेत्र में पड़ने वाले प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों, बैंकों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बालिकाओं के स्कूलों के पास अचानक पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाशी लेगा। बताया कि प्रत्येक थाने में एक-एक गरुण वाहिनी टीम गठित की जाएगी। एसपी देव रंजन वर्मा ने बताया कि गरूण वाहिनी तीन शिफ्ट में डूयटी देंगे।

सुबह सात बजे से दस बजे, दोपहर दो बजे से पांच बजे, रात में आठ बजे से 11 बजे तक चेंकिग, गश्त करेगी। जबकि थानेदार, चौकी इंचार्ज, हल्के के दारोगा अपनी टीम के साथ सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक शाम को पांच से आठ बजे और रात 11 बजे से सुबह सात बजे तक चेकिंग व गश्त करेंगे। एसपी ने कहा कि पिछले पांच साल के अपराधियों की सूची बनाई जाएगी। इन अपराधियों के खिलाफ गुंडा, गैगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों को शरण देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके माध्यम से अन्य अपराधियों पर भी नजर रखते हुए सख्त कारवाई की जाएगी। ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

# चोरी के जेवरात-नगदी बरामद, पांच चोर गिरफ्तार



**केटी न्यूज/ चंदौली**

चंदौली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जेवरात, मोबाइल तथा नगद के साथ पांच चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पांच में से चार चोर नाबालिग है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार ने चोरी करने वाले गिरोहों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर सख्त निर्देश दिया था।

निर्देश के आलोक में अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अनिरुद्ध सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम ने पांच चोरों को गिरफ्तार किया। चोरों के पास से चोरी के सोने के आठ चैन,दो मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, एक लॉकेट, एक जोड़ी कान का झुमका,एक जोड़ी कान का झाला,चार कील,आठ जोड़ी चांदी की पायल,आठ जोड़ी बिछिया, छ चांदी की अंगूठी, एक फूल करधनी एक, एक मोबाइल व 5300 नगद बरामद हुए।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि हम सभी लोग आपस में मिलकर बन्द मकानों में पीछे से घुसकर ताला तोड़कर चोरी करते हैं तथा मिलने वाले पैसों और सामानों को आपस में बांटकर जुआ खेलने के साथ नशा करते हैं। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई है।

# कोटेदार हड़ताल पर, नहीं मिल रहा है गरीबों को राशन

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर क्षेत्र में अपनी मांगों को लेकर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के कोटेदार एक जनवरी से हड़ताल पर हैं। इस लिए राशन वितरण का कार्य नहीं हो रहा है। जिससे अनाज लेने वाले गरीबों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोटेदारों का कहना है कि 16 जनवरी को दिल्ली में धरना-प्रदर्शन होगा। उसके बाद संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। विकास खंड क्षेत्र के गौरा खास निवासी सुरेंद्र राम, खुदा बख्शपुर के लहरी चौहान और रामबन के विनोद यादव ने बताया कि सरकार के स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पूर्व की तरह राशन वितरण समुचित ढंग से हो। यदि लंबे समय तक कोटेदारों का हड़ताल चला तो समस्या और अधिक बढ़ जाएगी। मालूम हो कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर कोटेदार अपनी मांगों को लेकर एक जनवरी से हड़ताल पर चले गए हैं। विजय लाल जायसवाल ने बताया कि कोटेदार लगातार शासनादेश के हिसाब से कार्य कर रहे हैं। जिससे गरीब जनता परेशान है।

# 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल



**केटी न्यूज/ जौनपुर**

थाना जलालपुर पुलिस टीम के साथ 25 हजार के इनामी बदमाश के साथ हुई मुठभेड़ में जख्मी कर गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। बदमाश पुलिस की गोली से हुआ घायल हुआ।

जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल बदमाश के एक साथी को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार। थाना जलालपुर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के तिलोचन की तरफ से आ रहे दो संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह भागने लगे पुलिस टीम ने पीछा करते हुए ओइना नहर के पास घेर लिया। अपने को घिरता देख बदमाशो ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जबाबी फायरिंग में पुलिस की गोली से संदीप नाम का बदमाश जो कि पुलिस का 25 हजार का इनामी है । उसका एक अन्य साथी को भी पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशो के पास से पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस सहित तथा एक मोबाइल और नगदी बरामद किया है। इनामी बदमाश संदीप का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। वह गैंगेस्टर व लूट की घटना का वांछित है। पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है। इसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

## कृषि विभाग की ओर कृषि गोष्ठी का हुआ आयोजन, किसानों को आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दी गई जानकारी

# पारंपरिक खेती छोड़ वैज्ञानिक तरीके से दलहन व तेलहनी पर दें ध्यान

**केटी न्यूज/ चकिया**

कृषि विभाग की ओर से सोमवार को ब्लॉक परिसर में दलहनी तिलहनी खेती के लिए दो दिवसीय गोष्ठी का प्रथम दिन आयोजन किया गया। इसमें आधुनिक एवं जैविक खेती पर जोर दिया गया। इस दौरान किसानों को राय दी गई कि पारंपरिक खेती को छोड़ दलहनी और तेलहनी पर ध्यान दें। खाद्य तेल दूसरे देशों से आयात किए जाते हैं। प्हर साल 80 हजार करोड रुपए सरकार इस पर खर्च करती है। अगर किसान तिलहन की



पैदावार बढ़ाएं तो दूसरे देशों से खाद्य तेलों का आयात नहीं करना पड़ेगा। साथ ही किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। देखा गया है कि किसान धान और गेहूं की खेती पर ज्यादा जोर देते हैं। सब्जी दलहन और तिलहन की खेती पर नहीं। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए किसानों को चाहिए कि वे सब्जी, दलहन और तिलहन की खेती पर ज्यादा ध्यान दें। कृषि वैज्ञानिक किसानों की ऊपज बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। ताकि कम मेहनत में अधिक पैदावार हो। निशकांत मौर्य और सुरेश ने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि किसान परंपरागत से हटकर खेती करें। इसके लिए सरकार उन्हें विभिन्न योजनाओं के जरिए अनुदान दे रही है। कृषि विशेषज्ञों ने विभागीय जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में तिलहन योग्य भूमि है, जिसमें तिलहन की खेती करके लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दलहन और तिलहन खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी के साथ औषधीय खेती के साथ केले, पपीते, मशरूम जैसे लाभकारी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि विभाग से समस्त प्रकार के कृषि निवेश, कृषि यंत्र पर अनुदान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्र प्रभारी उमाशंकर मौर्य अरविंद पांडेय भानु प्रताप शेषनाथ पांडेय आदित्य प्रसाद राजेश कुमार हरिहर बलवंत सोहन सहित तमाम लोग मौजूद है।

## एक नजर

### पावरलूम बुनकर सौर ऊर्जा का उठाएं लाभ

**मऊ।** सहायक आयुक्त उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोंद्योग अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उप्र सरकार द्वारा पावरलूम बुनकरों के कल्याणार्थ मुख्यमंत्री सौर उर्जा योजना हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत मऊ परिक्षेत्र के पावरलूम बुनकरों को दी जा रही विद्युत दर में परिवर्तन हो जाने के कारण विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी होने के फलस्वरूप पावरलूम पर वस्त्र उत्पादन की लागत में बढ़ोत्तरी हो गयी है एवं नियमित विद्युत आपूर्ति के अभाव में वस्त्र उत्पादन में कमी आती है। पावरलूम बुनकरों द्वारा वस्त्र उत्पादन में वृद्धि होने एवं उनकी आय बढ़े। इस हेतु पावरलूम बुनकरों को गैर पारम्परिक सौर उर्जा का लाभ दिलाने, पर्यावरण की रक्षा एवं बुनकरों को वस्त्र उत्पादन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाये रखने हेतु अनुमानित दर पर सौर उर्जा संयंत्र प्रदान किया जायेगा। सामान्य पावरलूम बुनकरों हेतु सोलर प्लान्ट की कुल लागत का 50 प्रतिशत शासकीय अनुदान देय होगा। शेष 50 प्रतिशत या अतिरिक्त लगने वाली धनराशि लाभार्थी स्वयं अपने स्रोतों से अथवा बैंकों से ऋण लेकर वहन करेगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के पावरलूम बुनकरों हेतु सोलर प्लान्ट की कुल लागत का 75 प्रतिशत राज्य सरकार के अनुदान के रूप में देय होगा।

### समय से कार्य पूर्ण न होने पर डीएम हुए नाराज

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं के विकास कार्यों से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा से आच्छादित 50 लाख से कम और अधिक लागत वाली और त्वरित आर्थिक विकास योजना से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधकों के द्वारा अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने का बार-बार आश्वासन देने के बाद भी समय से कार्य तय समय-सीमा पर पूर्ण न करने पर नाराजगी व्यक्त की और धीमी कार्य प्रगति वाले सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधको से स्वयं हस्तलिखित समय सीमा मांगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा हो चुके भवनों का हस्तांतरण संबंधित विभाग के अधिकारियों को करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूरा न करने वाले कार्यदाई संस्थाओं पर कार्रवाई की जाएगी और उसकी रिपोर्ट शासन में भेजी जाएगी।

### डीएम ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज झा व एसएसपी डॉ अजय पाल शर्मा ने जिला कारागार जौनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल के सभी बैरकों का पुलिस फोर्स व प्रसाशनिक अधिकारियों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया.बैरकों में कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। डीएम व एसएसपी ने जेल के अस्पताल में जाकर बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक एसके पांडेय को निर्देशित किया कि समय समय पर सभी बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए.इसके उपरांत अधिकारियों ने पाकशाला का निरीक्षण किया और खाने की गुणवत्ता को चेक किया। पाकशाला की गुणवत्ता से अधिकारी संतुष्ट नजर नही आए। इसके लिए भी जेल अधीक्षक को गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम व एसएसपी के साथ जेल अधीक्षक एस के पांडेय,प्रभारी जेल अधीक्षक धर्मेंद्र भदौरिया सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### आत्मनिर्भर बनें, आपका भारत बनेगा विकसित

**चितबड़ागांव।** आत्मनिर्भर बनिए तभी भारत विकसित होगा। देश में मोदी जी और प्रदेश में योगी जी के कार्यों की चर्चा आज पूरे विश्व में हो रही है। बीते 10 वर्षों में देश में और बीते सात वर्षों में प्रदेश में जितना विकास हुआ है, इसके पहले कभी नहीं हुआ था। आज डबल इंजन सरकार में देश हो या प्रदेश समृद्धि की ओर अग्रसर है। यह बातें बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त सोमवार को चितबड़ागांव स्थित रामलीला मैदान में आयोजित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कही। कार्यक्रम का शुभारंभ बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त व पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात चेयरमैन अमरजीत सिंह ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभासदों ने 51 किलो का माला पहनाया। उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि जाति–पाति में बंटे रहने के कारण आज तक भारत का विकास नहीं हो सका है। लेकिन भाजपा सरकार और पीएम मोदी के संकल्प से आज सबका साथ सबका विकास हो रहा है। वहीं पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के नेतृत्व में जितना विकास बलिया लोकसभा का हुआ है, उतना आज तक किसी के कार्यकाल में नहीं हुआ था। अमरजीत सिंह ने कहा कि सासंद जी के सहयोग से हमारी नगर पंचायत को आदर्श नगरपंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ है।

